# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्याः एम0ई0–3/2023 2325 लखनऊःदिनांक 21 सितम्बर, 2023

**नीट पी0जी0 बैच 2019 (एम0डी0/एम0एस0) बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अर्न्तगत सहायक आचार्य के पद पर इन–पर्सन काउंसिलिंग के माध्यम से सेवायोजित किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना एवं दिशा–निर्देश**

**काउंसिलिंग स्थल– प्रथम तल, ब्लॉक–बी, एकेडमिक ब्लॉक,**
**डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ**

शासनादेश संख्या–950/71–2–82/2017 दिनांक 07 मार्च 2018 तथा शासनादेश संख्या– I/342805/2023 दिनांक 04 जुलाई 2023 में निहित निर्देशों के कम में **नीट पी0जी0 2019 (एम0डी0/एम0एस0) बैच** के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अर्न्तगत ऑनलाईन इन–पर्सन काउंसिलिंग के माध्यम से **सहायक आचार्य के पद पर** सेवायोजित किये जाने के सम्बन्ध में समय–सारणी एवं दिशा–निर्देश निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | विशिष्टता | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | साइक्याट्री, फोरेन्सिक मेडिसिन, बायोकेमिस्ट्री, रेडियोथेरेपी, ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन, एनेस्थीसिया, एनाटमी, फिजियोलॉजी, जनरल मेडिसिन, ई0एन0टी0 | 27.9.2023 | पूर्वान्ह 11:00 बजे से |
| 02 | आर्थोपेडिक्स, पल्मोनरी मेडिसिन, जनरल सर्जरी, आब्स. एण्ड गायनी., पैथोलॉजी, फार्माकोलॉजी, कम्यूनिटी मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी तथा ऑफथलमोलॉजी स्किन एण्ड वी0डी0, रेडियोडायग्नोसिस, पी0एम0आर0 | 03.10.2023 | पूर्वान्ह 11:00 बजे से |

- काउंसिलिंग के समय सीट मैट्रिक्स प्रदर्शित की जायेगी।
- नीट पी0जी0 2018 (एम0डी0/एम0एस0)बैच के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होने नीट पी0जी0 2019 (एम0डी0/एम0एस0) बैच के साथ अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है, इस काउंसिलिंग हेतु अर्ह होंगे।
- सीटों का आवंटन रिक्त सीटों के सापेक्ष सम्बन्धित बैच की ऑल इंडिया रैंक, श्रेणी, विकल्प के आधार पर किया जायेगा।
- आरक्षित श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी, जो उ0प्र0 से बाहर के निवासी है, उन्हे अनारक्षित माना जाएगा।
- आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश राज्य के निवासियों को ही देय होगा। आरक्षण का लाभ लेने हेतु आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
- अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी तथा ई0डब्लू0एस0 श्रेणी का प्रमाण पत्र दिनांक 01.4.2023 अथवा उसके बाद का ही मान्य होगा। आरक्षण से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र उ0प्र0 सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
- अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत 2019 बैच के तैनात ऐसे, अभ्यर्थी जो सहायक आचार्य के पद पर सेवायोजित होने के इच्छुक हो, केवल वही काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करें। 2019 बैच के अन्य अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने की आवश्यकता नही है ।
- **दिनांक 30 सितम्बर 2023 तक 01 वर्ष की सीनियर रेजीडेण्ट का अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थी ही सहायक आचार्य पद पर आवंटन हेतु अर्ह होंगे। इस हेतु अभ्यर्थी को दिनांक 30 सितम्बर 2023 तक 01 वर्ष की सीनियर रेजीडेन्सी पूर्ण होने का प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।**

- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने पिछले वर्ष के सीनियर रेजीडेन्सी के आवंटन पत्र एवं सम्बन्धित कालेज द्वारा निर्गत नियुक्ति पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा, अन्यथा की दशा में आवंटन की कार्यवाही पर विचार नहीं किया जायेगा।
- सहायक आचार्य के पद पर आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को नई आवंटित सीट पर योगदान देना अनिवार्य होगा। नई सीट आवंटित होने पर पूर्व में आंवटित सीनियर रेजीडेण्ट की सीट पर अभ्यर्थन स्वतः समाप्त हो जायेगा, जिस पर अभ्यर्थी का कोई भी दावा मान्य नही होगा।
- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी को अपना नीट पी0जी0 2019 का प्रवेश पत्र एवं स्कोर कार्ड जिसमें, उनकी ऑल इंडिया रैंक उल्लिखित हो, के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
- काउंसिलिंग केवल रिक्त सीटें उपलब्ध रहने तक ही सम्पादित की जायेगी।
- अद्यतन सूचनाओं हेतु विभागीय वेबसाइट https://www.dgme.up.gov.in का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

**(किंजल सिंह)**
महानिदेशक।